## न्यूज ब्रीफ

### ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार** : सीतापुर जिले के रामकोट थाना क्षेत्र के ग्राम अंगतपुर निवासी शमशेर अली ने गजरौला थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें बताया कि 21 मार्च को वह पूरनपुर से पीलीभीत अपनी कार से जा रहे थे। रात लगभग साढ़े बारह बजे असम हाईवे पर ढाबे के सामने ट्रक चालक ने तेजी और लापरवाही से चलाकर उसकी कार में टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए व कार क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना करने के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### उमरगढ़ गांव में खेत से इंजन चोरी

**पीलीभीत, अमृत विचार** : जहानाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम उमरगढ़ निवासी श्याम लाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसने गांव के ही राम सिंह से पानी वाला इंजन खरीदा था। गांव के ही गन्ना सेंटर के समीप उसने इंजन को बोरिंग पर लगा हुआ छोड़ दिया था। 23 फरवरी की रात अज्ञात चोरों ने इंजन चोरी कर लिया। अगले दिन जब सुबह वह पहुंचा तो इंजन नहीं मिला। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### किशोरी को ले जाने की एफआईआर दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार** : थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के एक ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 24 मार्च की रात दो बजे उसकी नाबालिग पुत्री को गांव का राजेंद्र कुमार कश्यप, अपनी भतीजी लीलावती और अन्य परिजनों के सहयोग से बहलाकर फुसलाकर ले गया। जब उसने आरोपी के परिजनों से शिकायत की तो आरोपी के परिजनों ने उसके साथ गालीगलौज करते हुए मारपीट की। जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

### फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

**दियोरियाकलां, अमृत विचार** : कोतवाली क्षेत्र के एक गांव व्यक्ति ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री को बरखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव गाजीपुर मुगल निवासी युवक बहला फुसलाकर ले गया। वह घर में रखे जेवर और डेढ़ लाख रुपये भी ले गई। पुलिस ने आरोपी संजय पुत्र देवकीनंदन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## वार्षिक परीक्षा फल वितरित कई पुरस्कृत

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान विद्या भारती द्वारा संचालित मोहल्ला साहूकारा के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर का वार्षिक परीक्षा फल वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। बतौर अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता धीरेंद्र मिश्र शामिल हुए। प्रधानाचार्य एवं विद्यालय प्रबंध समिति पदाधिकारिओ के साथ विद्यार्थियों एवं आचार्यों को पुरस्कृत किया। प्रबंधक विपिन चंद्र अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सूर्यकांत शंखधर, प्रधानाचार्य अशोक कुमार, अश्विनी अग्रवाल आदि मौजूद रहे। विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की गई। कार्यक्रम की शुरुआत मां शारदा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई और समापन वंदे मातरम से किया गया।



छात्रा को पुरस्कृत करते धीरेंद्र मिश्र।

## बिना ट्रैकिंग डिवाइस नहीं दौड़ेंगे कमर्शियल वाहन

- जिले में 1500 से अधिक व्यावसायिक वाहन नियम के दायरे में
- 24 घंटे निगरानी, आपात स्थिति में सीधे कंट्रोल रूम को जाएगा अलर्ट

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचार :** अब जिले में बिना व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस और पैनिक बटन के कोई भी कमर्शियल वाहन सड़कों पर संचालित नहीं हो सकेगा। इस नई व्यवस्था के तहत करीब 1500 से अधिक वाहनों को नियमों के दायरे में लाया गया है, जिससे उनकी गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा सकेगी। नई प्रणाली लागू होने के बाद वाहनों की 24 घंटे डिजिटल निगरानी संभव होगी।

बता दें कि परिवहन विभाग ने व्यावसायिक (कमर्शियल) वाहनों की सुरक्षा और निगरानी के लिए नई व्यवस्था लागू करने की तैयारी कर ली है। अब सभी कमर्शियल वाहनों में व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस (विएलटीडी) और पैनिक बटन लगाना अनिवार्य होगा। यह व्यवस्था अप्रैल से लागू हो जाएगी। इसके बिना वाहनों का फिटनेस प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जाएगा। साथ ही नई गाड़ियों के लिए परमिट भी जारी नहीं होगा। एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ने बताया कि यह व्यवस्था केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के निर्देश पर पूरे देश में लागू की जा रही है।

इसे लागू करने की तैयारियां पूरी कर ली हैं और डिवाइस लगाने वाली कंपनियों को अधिकृत कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि कमर्शियल वाहनों में लगाए जाने वाले पैनिक बटन और ट्रैकिंग डिवाइस प्रदेश मुख्यालय के कंट्रोल रूम से जुड़े होंगे। किसी आपात स्थिति में चालक द्वारा पैनिक बटन दबाते ही सूचना तुरंत कंट्रोल रूम तक पहुंचेगी, जहां से संबंधित जिले की पुलिस और परिवहन विभाग को अलर्ट भेजा जाएगा। इससे चालक को समय पर मदद मिल सकेगी। साथ ही वाहन मालिक को भी सूचना मिल जाएगी। जिले में करीब 1500 वाहन इस योजना के तहत पैनिक बटन लगवाएंगे।

### पैनिक बटन दबाकर सहायता मांग सकेंगे यात्री

इस व्यवस्था के तहत वाहनों की 24 घंटे डिजिटल निगरानी की जा सकेगी। सफर के दौरान दुर्घटना, लूट या किसी अन्य आपात स्थिति में चालक या यात्री पैनिक बटन दबाकर सहायता मांग सकेंगे। बटन दबते ही लखनऊ स्थित राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम को अलर्ट पहुंच जाएगा। इसके बाद वाहन की लोकेशन ट्रैक कर संबंधित जिले की पुलिस को सूचना दी जाएगी, जिससे समय रहते मदद मिल सकेगी। यह ट्रैकिंग सिस्टम माल की चोरी या किसी विवाद की स्थिति में साक्ष्य के रूप में भी काम करेगा।

> व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस और पैनिक बटन को अनिवार्य कर दिया गया है। प्रवर्तन टीमों को निर्देश दिए गए हैं कि जांच के दौरान जिन वाहनों में यह उपकरण सक्रिय नहीं मिलेंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। वाहन स्वामी समय रहते निर्धारित मानकों के अनुसार डिवाइस जरूर लगवा लें। – **वीरेंद्र सिंह एआरटीओ**

## गोमती को स्वच्छ, निर्मल व अविरल बनाने के संकल्प के साथ यात्रा शुरू

### वन मंत्री समेत जनप्रतिनिधियों ने की मां गोमती की पूजा-अर्चना व हवन-पूजन

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचार:** आदि गंगा मां गोमती नदी को स्वच्छ, निर्मल एवं अविरल बनाने के संकल्प के साथ माधोटांडा स्थित गोमती उदगम स्थल से गोमती दर्शन पदयात्रा प्रारंभ हो गई। वन मंत्री समेत जनप्रतिनिधियों ने मां गोमती की पूजा-अर्चना एवं हवन-पूजन कर गोमती दर्शन यात्रा की शुरुआत कराई। गोष्ठी में गोमती नदी की अविरल धारा बहाव के लिए उचित प्रबंध की मांग की गई। जिस पर वन मंत्री ने डीएम व अधिशासी अभियंता शारदा सागर खंड को नदी की अविरल धारा बहाने के लिए उचित प्रबंध कराने के निर्देश दिए।

माधोटांडा स्थित गोमती उदगम स्थल पर शनिवार को मां गोमती दर्शन संस्था की ओर से गोमती दर्शन पदयात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान प्रदेश के वन मंत्री अरुण कुमार सक्सेना, पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान, डीएम ज्ञानेंद्र सिंह, मां गोमती दर्शन संस्था अध्यक्ष श्वेता सिंह एवं संस्था सदस्यों ने गोमती नदी को स्वच्छ, निर्मल एवं अविरल बनाने के संकल्प को लेकर शुरू की जा रही गोमती दर्शन यात्रा के लिए विधि विधान से मां गोमती की पूजा अर्चना की। पदयात्रा शनिवार से शुरू होकर 5 अप्रैल को प्रदेश की राजधानी लखनऊ पहुंचकर संपन्न होगी। गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जिसमें वन मंत्री ने कहा कि मां गोमती को आदि गंगा के रूप में माना जाता है। गोमती नदी उत्तर प्रदेश की एक पवित्र, ऐतिहासिक एवं जीवनदायिनी नदी है। प्राचीन काल से मां गोमती आस्था, संस्कृति, कृषि एवं जनजीवन की आधारशिला रही है। गोष्ठी में मौजूद लोगों ने गोमती नदी की अविरल धारा बहाव के लिए उचित प्रबंध की मांग की। जिस पर वनमंत्री ने डीएम एवं अधिशासी अभियंता शारदा सागर खंड को नदी की अविरल धारा के बहाव के लिए ठोस प्रबंध करने के निर्देश दिए, ताकि नदी की धारा निरंतर बहती रहे। उन्होंने कहा कि गोमती नदी के किनारे वृक्षारोपण कराया जाये, जिससे नदी के प्राकृतिक सौंदर्य में निखार आये। वनमंत्री ने लोगों ने भी नदी में किसी भी प्रकार का ठोस, तरल अपशिष्ट एवं प्लास्टिक न डालने की अपील की। उन्होंने गोमती दर्शन यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इन्ही परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए मां गोमती दर्शन संस्था द्वारा गोमती दर्शन पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। गोमती सेवक निर्भय सिंह व योगेश्वर सिंह ने वन मंत्री को पत्र सौंपकर उदगम स्थल से पीलीभीत टाइगर रिजर्व की सफारी वाहन सेवा संचालित कराने की मांग की। जिस पर वनमंत्री ने वन एवं वन्यजीव प्रभाग के डीएफओ भरत कुमार डीके से इसको लेकर विस्तृत रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। गोमती दर्शन संस्था अध्यक्ष श्वेता सिंह ने बताया कि पदयात्रा के दौरान हर दिन शाम को आरती और गोष्ठी आयोजित होगी, जबकि सुबह पदयात्रा आगे बढ़ेगी। जहां पैदल चलना संभव नहीं होगा, वहां वाहन से दूरी तय की जाएगी।



मां गोमती दर्शन यात्रा का शुभारंभ करते वन मंत्री अरुण कुमार सक्सेना।

### वानिकी कार्यों व नर्सरी का किया निरीक्षण

वन मंत्री अरुण कुमार सक्सेना ने पीलीभीत रेंज के अंतर्गत वानिकी कार्यो का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने पीलीभीत नए बाईपास पर वर्ष 2023-24 में लगाए गए पौधों का निरीक्षण किया। यहां पाकड़ के 200 एवं पीपल के 160 पौधों का रोपण किया गया है। उन्होंने फाइकस प्रजाति के पौधों के रोपण को पर्यावरण संतुलन के प्रयासों को सराहा और पौधों की लगातार देखभाल करने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने मोमिनगंज पौधशाला का भी निरीक्षण कर चल रहे निराई-गुडाई कार्य एवं सिंचाई कार्य को देखा। यहां उन्होंने महिला श्रमिकों द्वारा की जा रही पौधों की देखभाल, नर्सरी में बने वर्मी कंपोस्ट पिट आदि की सराहना की। इस मौके पर पीटीआर के फील्ड डायरेक्टर पीपी सिंह, डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह, वन एवं वन्यजीव प्रभाग डीएफओ भरत कुमार डीके आदि मौजूद रहे।

## सफाई का रखें ध्यान पानी न जमा होने पाए

**अमरिया, अमृत विचार:** ब्लॉक सभागार में शनिवार को ग्राम पंचायतों को स्वच्छ रखने और संचारी रोगों से बचाव के लिए बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी दिनेश सिंह ने की। एडीओ पंचायत अतुल पाठक, ग्राम प्रधान, सचिव और सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।खंड विकास अधिकारी दिनेश सिंह ने स्वच्छता और बीमारियों से बचाव के उपाय बताए। सफाई कर्मचारियों को नालियों में दवा डालने और नियमित सफाई के निर्देश दिए गए। एडीओ पंचायत ने लोगों से अपील की है कि वे साफ-सफाई रखें, पानी जमा न होने दें और नियमित हाथ धोएं।



बैठक में बीडीओ, प्रधान और सचिव।।

## कोड योगी से निखरेगा हुनर हर छात्र सीखेगा मुफ्त कोडिंग

- 189 माध्यमिक विद्यालयों और आईटीआई के छात्र होंगे लाभान्वित

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचार :** तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए शासन ने एक नई पहल शुरू की है, जिससे अब ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों के छात्र भी कोडिंग सीख सकेंगे। कोड योगी प्लेटफार्म के माध्यम से जिले के सैकड़ों छात्र-छात्राओं को मुफ्त में डिजिटल कौशल सिखाया जाएगा। ताकि वह आत्मनिर्भर बन सके।

शासन की पहल पर जिले के सभी 189 माध्यमिक विद्यालयों और आईटीआई के विद्यार्थियों को कोड योगी प्लेटफार्म से जोड़ा जाएगा, जहां वे डिजिटल स्किल और सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग की बारीकियां निःशुल्क सीख सकेंगे। इस योजना का उद्देश्य खासतौर पर ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों के मेधावी छात्र-छात्राओं को तकनीकी शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है। जिले में संचालित 35 राजकीय, 22 एडेड और 132 वित्तविहीन विद्यालयों के कक्षा छह से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं को नए सत्र से इस कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा। कोड योगी एक ऑनलाइन प्लेटफार्म है, जो हिंदी भाषा में कोडिंग सिखाने की सुविधा प्रदान करता है। इसके माध्यम से छात्र-छात्राएं अपने स्मार्टफोन का उपयोग कर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सॉफ्टवेयर कोडिंग और मोबाइल ऐप निर्माण जैसी आधुनिक तकनीकों में दक्षता हासिल कर सकेंगे। छह माह का यह कोर्स छात्र-छात्राओं को रोजगारपरक कौशल प्रदान करेगा। डीआईओएस राजीव कुमार सिंह ने बताया कि कोड योगी योजना की शुरुआत की गई है। छात्र-छात्रा अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

## समिति भवन की कराई गई शुरुआत

**माधोटाडा, अमृत विचार:** अर्जुनपुर गांव में नवगठित बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड की शुरुआत की गई। मुख्य अतिथि पूरनपुर विधायक बाबू राम पासवान ने फीता काटकर शुरुआत कराई। संचालन संतोष सिंह ने किया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि पूरनपुर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह, परगट सिंह , प्रधान शोभा सिंह , खान सिंह ,दलजीत सिंह , मंजीत सिंह, एआर कोऑपरेटिव डॉ. प्रदीप सिंह, जिला विकास प्रबंधक चंद्र प्रकाश त्रिवेदी,सचिव/मुख्य कार्यपालक जिला सहकारी बैंक आशीष श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।



समिति भवन के उदघाटन के मौके पर विधायक, अफसर व अन्य। • अमृत विचार

## लॉटरी प्रक्रिया संपन्न, 242 बच्चों के आवेदन मिले ठीक

- बीएसए ने खंड शिक्षा अधिकारियों को किया निर्देशित

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचार :** निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत अलाभित समूह दुर्बल वर्ग के बच्चों को कक्षा एक और पूर्व प्राथमिक कक्षा में प्रवेश दिए जाने को लेकर शनिवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में तृतीय चरण की लॉटरी निकाली गई। कुल 471 आवेदन पोर्टल पर प्राप्त हुए।

बीएसए रोशनी सिंह की देखरेख में 2026 -27 शैक्षिक सत्र में प्रवेश दिए जाने को लेकर लॉटरी निकालने की प्रक्रिया संपन्न हुई। जिले के विभिन्न स्थानों के अभिभावकों द्वारा कुल 471 आवेदन किए गए। जिसमें से 242 बच्चों के आवेदन ठीक मिले। जिन्हें लॉटरी सिस्टम में शामिल किया गया। 229 आवेदन जांच के दौरान निरस्त कर दिए गए। निरस्त किए जाने का कारण यह रहा की आवेदन अन्य वार्ड या फिर अन्य ग्राम पंचायत में कर दिए गए। 242 बच्चों को लॉटरी सिस्टम के माध्यम से 2026- 27 में प्रवेश दिया जाएगा। अन्य आवेदन रिजेक्ट कर दिए गए। 28 बच्चों को सीटें खाली न होने के कारण प्रवेश नहीं मिल सकेगा। जिला समन्वयक राकेश पटेल, पवन अग्रवाल भी मौजूद रहे। जो आवेदन अर्ह पाए गए हैं उनको शैक्षिक सत्र में प्रवेश दिया जाएगा। बीएसए ने समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिया है कि बच्चों को प्रवेश दिलाने की कार्रवाई जल्द से जल्द की जाए।

## विधायक ने मेले की कराई शुरुआत



उद्घाटन के मौके पर विचार रखते विधायक स्वामी प्रवक्तानंद। • अमृत विचार

**बरखेड़ा,अमृत विचार :** कस्बे में तीन दिवसीय मेला श्रीराम नौमी उत्सव शुक्रवार रात से शुरू हो गया। मुख्य अतिथि विधायक बरखेड़ा स्वामी प्रवक्तानंद, नगर पंचायत चेयरमैन श्याम बिहारी भोजवाल रहे। दोनों ने फीता काटकर मेले की शुरुआत कराई। मेला 30 मार्च तक चलेगा। मेला कमेटी के अध्यक्ष कैलाश चंद मौर्य ने पदाधिकारियों संग विधायक, चेयरमैन, भाजपा जिला मंत्री नागेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट, दरोगा अंकित यादव आदि को स्मृति चिन्ह भेट कर स्वागत किया। विधायक ने कहा कि श्रीरामनवमी के उपलक्ष में नगर पंचायत बरखेड़ा में इस सांस्कृतिक मंचन का कार्यक्रम निरंतर चलता आ रहा है। श्रीराम के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। चेयरमैन ने भी विचार व्यक्त किए। संचालन अभिषेक गोस्वामी ने किया। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन व मेला कमेटी के कोषाध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता उर्फ पप्पन, ध्रुव कुमार पांडेय, नामित सभासद लक्ष्मीकांत भोजवाल, भीमसेन, प्रिंस भारद्वाज, संतोष भारती, दीपक सूर्यवंशी आदि मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### रुपये लेने के बाद भी जमा नहीं किया बिजली बिल

**पीलीभीत, अमृत विचार** : बिजली विभाग में कार्यरत एक लाइनमैन ने युवक से उसका बिजली बिल जमा करने के लिए रुपये ले लिए। मगर उसका बिल जमा नहीं किया। जब उसने रुपये वापस मांगे तो आरोपी टालमटोल करने लगा। एसपी के आदेश पर मामले की रिपोर्ट दर्ज की गई है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खपरैल गौटिया निवासी मोहित कुमार पाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि विद्युत विभाग में कार्यरत लाइनमैन ग्राम कैंच निवासी अतुल कुमार पुत्र प्रेम सिंह से उसकी जान पहचान थी। उसने अतुल कुमार को अपना बिजली का बिल जमा करने के लिए 19500 रुपये ऑनलाइन दिए। शाम को जब उसने रसीद मांगी तो आरोपी ने टालमटोल करनी शुरू कर दी। पिछले सात माह से आरोपी उसको रसीद नहीं दे रहा है। जब उसने बिजली विभाग में जाकर छानबीन की तो पता चला कि बिल जमा हीं नहीं किया गया। जब उसने आरोपी को फोन किया तो उसने गाली गलौज करते हुए रुपये वापस करने से साफ इंकार कर दिया। रुपये मांगने पर जान से मारने की धमकी भी दी। गजरौला एसओ ब्रजवीर सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।



### एसडीएम को सौंपा मांगपत्र, दी चेतावनी

**अमरिया, अमृत विचार** : भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारियों ने एसडीएम मयंक गोस्वामी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान बीडीओ दिनेश सिंह और एसओ अमित सिंह भी मौजूद रहे। ज्ञापन में गेहूं क्रय केंद्रों की संख्या बढ़ाने, छुट्टा पशुओं से निजात दिलाने, गैस सिलेंडर की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने, प्राइवेट स्कूलों की मनमानी पर रोक लगाने और बिजली कटौती बंद कर पर्याप्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की। साथ ही तहसीलों में भ्रष्टाचार व्याप्त होने का आरोप लाते हुए नाराजगी जताई। जल्द ही समस्याओं का समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई।



### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत

**बरखेड़ा, अमृत विचार** : एचआरपी किड्स वैली इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को वार्षिक परीक्षाफल की घोषणा की गई। मेधावियों को परीक्षा परिणाम वितरित कर पुरुस्कृत किया गया। वार्षिक परीक्षा फल मे पीएनसी,एनसी,केजी फस्ट से पांच तक क्रमश : लक्ष्मी, भाव्या, अर्पिता, आरोही, अव्यान्श, उत्कर्ष, आयुषी, अशियाना, कृष्णा, शनि, यूवी, विधि, अमन, अनामिका, अनय, संस्कार, कार्तिक, आराध्या,अनुष्का, नैतिक,शिवन्या,प्रतीक, रिशांक, अभय, प्रार्थना, आलोक, मानस, विद्याकर, समर्थ, अर्पित, नेहाल, पायल ने उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया। जूनियर सेक्शन में मधु, पारुल, वंशिका, प्रियांशु, रिशु, उत्तम, सौम्या, शगुन, पावनी ने बेहतर प्रदर्शन किया। प्रमाण पत्र देकर बच्चों को प्रोत्साहित किया गया। प्रधानाचार्या डॉ . नीतू सिंह, प्रबंधक मुकेश कुमार गुप्ता, डॉ . अनूप बेरी,आशीष गुप्ता ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।



### तृतीय सोपान जांच शिविर का किया समापन

**पीलीभीत, अमृत विचार** : भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित तृतीय सोपान जांच शिविर का शनिवार को समापन हुआ। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में चल रहे शिविर का समापन नगर क्षेत्र के विद्यालय में हुआ। गाइड द्वारा विभिन्न प्रकार के टेंट,भोजन, दैनिक जीवन में उपयोगी वस्तुओं का निर्माण किया गया। बतौर अतिथि जिला मुख्यायुक्त/ सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर,बेसिक शिक्षा अधिकारी/ उपाध्यक्ष रोशनी सिंह,सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त बरेली मंडल नेहा कटियार शामिल हुए। उन्होंने शिविर का निरीक्षण किया। शिविर में गुलाब,कमल,टोली ने बेहतर स्थान प्राप्त किया। बेस्ट बुक जाग्रति,बेस्ट गाइड कुसुम और सोनम,बेस्ट स्काउट देव सिंह को चुना गया। संचालन जिला संगठन आयुक्त गाइड शालिनी पांडे व आईटी कॉर्डिनेटर अभिषेक प्रजापति ने किया। इस मौके पर जिला बेसिक स्काउट मास्टर वीर सिंह, गाइड कैप्टन परिणीता सिन्हा, गोपाल, अजयपाल शर्मा, ओम प्रकाश, योगेश मौर्य, रिया रस्तोगी, क्षमा गुप्ता, श्रद्धा सिंह, शिखा, पलक, अनुष्का, मुस्कान, शिवानी आदि मौजूद रहे।

**ड्रग वेयर हाउस** | अगस्त 2023 से छह करोड़ से तैयार कराया जा रहा है भवन

## करोड़ों रुपये हो चुके खर्च, फिर भी काम अधूरा

- एस्टीमेंट संशोधन के चलते लटका कार्य

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचार :** तीन साल बाद भी करोड़ों की लागत से बन रहा ड्रग वेयर हाउस अधूरा है। अगस्त 2023 में शुरू हुआ निर्माण कार्य एस्टीमेट संशोधन हुआ था। ऐसे में जो बजट आवंटित हुआ वह खर्च हो गया। मगर नया बजट मिला नहीं। जिस वजह से काम ठप पड़ा हुआ।

अफसर से लेकर शासन तक यह योजना सिर्फ फाइलों के बीच उलझकर रह गई है। हालत यह है कि एक ओर निर्माण कार्य 85 फीसदी तक पहुंचकर थम गया है, तो दूसरी ओर विभाग को मजबूरी में किराए के भवन में वेयर हाउस संचालित करना पड़ रहा है, जिस पर हर महीने लाखों रुपये खर्च हो रहे हैं।

शहर के चौक बाजार के पास स्थित सीएमओ कार्यालय परिसर में बन रहा ड्रग वेयर हाउस तीन साल बाद भी पूरा नहीं हो सका है। करीब छह करोड़ रुपये की लागत से अगस्त 2023 में शुरू हुआ यह निर्माण कार्य अब एस्टीमेट संशोधन के चलते अधर में लटक गया है। दरअसल, पुराने ड्रग वेयर हाउस की हालत जर्जर हो चुकी थी। छत से पानी टपकने के कारण दवाएं खराब हो रही थीं, जिससे स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही थीं। इसी को देखते हुए वर्ष 2017 में शासन से नए भवन की स्वीकृति मिली थी, लेकिन बजट के अभाव में काम लंबे समय तक शुरू नहीं हो पाया। बाद में करीब छह करोड़ रुपये का बजट मिलने पर सितंबर 2023 में निर्माण कार्य शुरू कराया गया। निर्माण की शुरुआत में पुराने भवन को तोड़ा गया, लेकिन काम के दौरान पुरानी ईंटों के इस्तेमाल के आरोप भी लगे। हालांकि जांच के नाम पर मामला दबा दिया गया। इसके बाद निर्माण आगे बढ़ा, लेकिन लागत बढ़कर 8.73 करोड़ रुपये पहुंच गई। ऐसे में संशोधित एस्टीमेट शासन को भेजा गया, लेकिन अतिरिक्त 2.73 करोड़ रुपये का बजट अब तक जारी नहीं हो सका है। बजट के अभाव में निर्माण कार्य रुक गया है, जबकि भवन का करीब 85 फीसदी काम पूरा हो चुका है। अब केवल फिनिशिंग, फर्श और अंतिम कार्य शेष है। निर्माण लंबे समय तक अधूरा रहने से पहले से कराए गए काम के खराब होने की आशंका भी जताई जा रही है। इधर, सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब करोड़ों रुपये खर्च कर स्थायी भवन तैयार किया जा रहा है, तो फिर विभाग को किराए के भवन में ड्रग वेयर हाउस क्यों चलाना पड़ रहा है। वर्तमान में असम हाईवे पर एक राइस मिल के परिसर में वेयर हाउस संचालित किया जा रहा है, जिस पर हर महीने लाखों रुपये खर्च हो रहे हैं। वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है और अब उम्मीद जताई जा रही है कि अप्रैल में अतिरिक्त बजट मिल सकता है।



सीएमओ कार्यालय परिसर में अधूरा पड़ा ड्रग वेयर हाउस का भवन। • अमृत विचार

> ड्रग वेयर हाउस के भवन का निर्माण वर्ष 2023 में शुरू हुआ था। मगर बाद में एस्टीमेट संशोधन कर दिया। बजट को लेकर पत्राचार किया गया है। नए वित्तीय वर्ष में बजट मिलने की उम्मीद है। – **डॉ. आलोक कुमार**, सीएमओ

**न्यूज ब्रीफ**

### बकाया रुपये मांगने पर युवक को पीटा

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना खीरी के गांव लगुचा निवासी अरुण वर्मा ने बताया कि उसके भाई अनुराग वर्मा उर्फ सोनू के 5500 रुपये गांव के ही शिवम वर्मा उर्फ सिंघम पर बकाया थे। लगभग एक साल बाद जब रुपये वापस मांगे गए, तो आरोपी भड़क उठा। आरोप है कि आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए दोनों भाइयों के साथ मारपीट की। इस दौरान उसका मोबाइल फोन भी तोड़ दिया गया और जान से मारने की धमकी दी गई। घटना में प्रार्थी को चोटें भी आई हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

### आग लगने से घर का सभी सामान जला

**पलिया कलां, अमृत विचार :** गांव अतरिया- बड़ागांव में शनिवार दोपहर लगी अचानक आग में खर -फूस के बने एक घर का सारा सामान जल गया। ग्रामवासी सुल्तान खान पुत्र मसूद हुसैन ने बताया कि उसके घर में अज्ञात कारणों से अचानक आग लग गई। जिसमें घर के छप्परों के अलावा घर में रखा घर- गृहस्थी का हजारों रूपयों का राशन,बर्तन, कपड़ा एवं 2000 की नगदी आदि सब जलकर राख हो गया। गनीमत यह रही की हवा नहीं चल रही थी और समय से दौड़े ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया। जिससे आग फैल नहीं सकी और अन्य घर जलने से बच गए। फिलहाल गांव के लेखपाल को सूचना दे दी गई है।

### सपा प्रदेश सचिव पर दर्ज एफआईआर रद

**पलिया कलां, अमृत विचार :** मोहल्ला अहिरान प्रथम निवासी लोहा व्यापारी सीताराम गर्ग ने 9 जनवरी 2026 को जमीन के लेनदेन मामले में सपा के प्रदेश सचिव रेहान खान एवं उनके पुत्र सुजेब खान व सुहेब खान के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस पर सपा प्रदेश सचिव रेहान खान ने उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ में याचिका दाखिल की थी। सुनवाई के दौरान अधिवक्ताओं ने न्यायालय से विवाद को मध्यस्थता केंद्र भेजने का सुझाव दिया। जिस पर न्यायालय ने सहमति दे दी। मध्यस्थता केंद्र में दोनों पक्षों ने सहमति से विवाद समाप्त कर लिया। जिसकी रिपोर्ट के आधार पर न्यायालय ने रेहान खान एवं उनके पुत्रों पर दर्ज एफआईआर को निरस्त कर दिया है।

### सड़क दुर्घटना में एक घायल, रेफर

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला भारत भूषण कॉलोनी निवासी गोवर्धन लाल (70) पुत्र स्वर्गीय गेंदनलाल सड़क दुर्घटना में गंभीर घायल हो गए, जिन्हें सीएचसी भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# कस्ता में दिव्यांग व्यक्ति के साथ मारपीट का वीडियो वायरल

## रमियाबेहड़ में भारत गैस एजेंसी के बाहर सिलेंडरों की लंबी लगी कतार, कालाबाजारी का आरोप, कई उपभोक्ताओं को घंटों इंतजार के बावजूद खाली हाथ लौटना पड़ा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** जिले में गैस किल्लत ने हालात बिगाड़ दिए हैं। एक ओर उपभोक्ता घंटों लाइन में लगकर सिलेंडर लेने को मजबूर हैं, वहीं दूसरी ओर एजेंसी संचालकों की मनमानी और गुंडागर्दी के मामले सामने आ रहे हैं। कस्ता गैस एजेंसी पर एक दिव्यांग व्यक्ति के साथ मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद हड़कंप मच गया है। इस घटना से लोगों में आक्रोश बढ़ गया है। उधर, रमियाबेहड़ में भारत गैस एजेंसी के बाहर लंबी कतारें लगी हुई हैं। कई उपभोक्ताओं को घंटों इंतजार करने के बावजूद खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। इस दौरान कुछ लोगों ने कालाबाजारी के भी आरोप लगाए हैं।

भारत गैस एजेंसी पर दिव्यांग से मारपीट का गंभीर आरोप, वीडियो वायरल होने से हड़कंप मितौली के गांव संडीलवां निवासी दिव्यांग अखिलेश के अनुसार वह भारत गैस एजेंसी पर अपनी गैस सिलेंडर बुकिंग के लिए एजेंसी पहुंचा था, लेकिन वहां एजेंसी संचालक द्वारा कथित रूप से मारपीट की गई और अपशब्द कहे गए। पीड़ित ने आरोप लगाया कि इस दौरान उसकी गैस बुकिंग की पासबुक भी फाड़ दी गई और उसे जेल भेजने की धमकी दी गई। किसी ने थप्पड़ मारने और अपशब्द कहने का वीडियो बना लिया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इससे पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया।



रमियाबेहड़ में भारत गैस एजेंसी पर लगी सिलेंडरों की लाइन। ● अमृत विचार



कस्ता गैस एजेंसी पर फाड़ी गई गैस पासबुक दिखाता पीड़ित दिव्यांग।

वीडियो में देखा जा सकता है कि एजेंसी संचालक दिव्यांग को गालियां दे रहा है और जोर-जोर से धमकी दे रहा है कि सबको अंदर कर दूंगा। वहीं, घटना का वीडियो बना रहे एक अन्य व्यक्ति को भी अपशब्द कहे गए और उसका मोबाइल जबरन छीनने का प्रयास किया गया, लेकिन वह किसी तरह सुरक्षित बचकर मौके से निकल गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह घटना न केवल कानून के लिए चुनौती है, बल्कि समाज में कमजोर वर्गों के साथ दुर्व्यवहार का उदाहरण भी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई करने की मांग की है ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

थाना प्रभारी महेश पाठक ने बताया कि जानकारी मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि फिलहाल कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है, लेकिन वीडियो और गवाहों के आधार पर प्रारंभिक जांच की जा रही है। वहीं, भारत गैस एजेंसी के संचालक सुधीश वर्मा से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि न केवल दिव्यांगों, बल्कि सभी कमजोर और जरूरतमंद लोगों को सुरक्षा और सम्मान देना समाज की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने मांग की है कि दोषी संचालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। इस घटना के बाद सोशल मीडिया पर भी लोगों का गुस्सा दिखाई दे रहा है। लोग एजेंसी और संचालक के खिलाफ निंदा कर रहे हैं और प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की अपील कर रहे हैं। घटना ने यह भी सवाल खड़ा कर दिया है कि सरकारी एजेंसियों द्वारा संचालित सेवाओं में नियमों का पालन कैसे सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसी भी व्यक्ति को ऐसे अत्याचार का सामना न करना पड़े।

उधर, रमियाबेहड़ क्षेत्र में स्थिति और भी चिंताजनक बनी हुई है। भारत गैस एजेंसी के बाहर सुबह से ही लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं। महिलाएं, बुजुर्ग और मजदूर वर्ग के लोग घंटों धूप में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन कई बार स्टॉक खत्म होने की बात कहकर लोगों को लौटा दिया जाता है। कई उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि एजेंसी पर सिलेंडर की कमी दिखाई जा रही है, जबकि खुले बाजार में ऊंचे दामों पर सिलेंडर आसानी से उपलब्ध हो रहे हैं। इससे कालाबाजारी की आशंका और गहरा गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन की निष्क्रियता के कारण एजेंसी संचालकों के हौसले बुलंद हैं। न तो वितरण व्यवस्था पारदर्शी है और न ही उपभोक्ताओं की शिकायतों पर कोई ठोस कार्रवाई हो रही है।

# डीजल-पेट्रोल न होने के कारण बंद हो रहे पंप

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** डीजल और पेट्रोल की कमी की अफवाहों ने जिले भर के पेट्रोल पंपों पर हड़कंप मचा दिया है। कई पंप संचालकों पर ईंधन की कीमतें 10 से 20 रुपये प्रति लीटर बढ़ाकर बेचने का आरोप लग रहा है। जबकि कुछ पंप पेट्रोल पूरी तरह बंद हो गए हैं।

सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों के चलते पंपों पर उपभोक्ताओं की भीड़ लगातार बढ़ रही है। इससे पंप पर कर्मचारियों और ग्राहकों के बीच कई बार तनातनी और झड़प की घटनाएं भी सामने आई हैं। विशेषकर सुबह और दोपहर के समय पंपों पर लंबी कतारें लग रही हैं और लोग घंटों तक इंतजार कर रहे हैं। डीएसओ अंजनी कुमार सिंह ने एसपी को पत्र भेजकर पेट्रोल पंपों पर सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। इसके अलावा खीरी पेट्रोलियम ट्रेडर्स एसोसिएशन ने एसपी डॉ. ख्याति गर्ग से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।



रोडवेज बस स्टेशन के निकट पेट्रोल पंप पर लगी भीड़। ● अमृत विचार

एसोसिएशन ने सभी पेट्रोल पंपों पर पुलिस बल तैनात करने, संवेदनशील पंपों पर विशेष निगरानी रखने और उपद्रव करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की। स्थिति की गंभीरता को दर्शाता है कि बेहजम में धवन पेट्रोल पंप पर भीड़ और तनाव के कारण मारपीट की घटना भी हुई। सूचना मिलने पर बेहजम चौकी इंचार्ज संदीप यादव फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और हालात पर काबू पाया। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन और पेट्रोल पंप संचालक उचित कदम नहीं उठाते हैं, तो भविष्य में और भी गंभीर घटनाएं हो सकती हैं। भीड़ नियंत्रण और ईंधन की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कदम उठाने की जरूरत है। इस बीच कई वाहन चालक दोपहिया और चौपहिया वाहन लेकर पेट्रोल और डीजल की तलाश में भटकते नजर आए।



एसपी को ज्ञापन देते पेट्रोलियम ट्रेडर्स एसोसिएन के अधिकारी। ● अमृत विचार



नौरंगाबाद चौराहा पर बंद पड़ा पेट्रोल पंप।

# यूपी हेल्थ डैशबोर्ड में खीरी का प्रदेश में 13वां स्थान

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- **मंडल में दूसरा स्थान हासिल, 14 स्वास्थ्य संकेतकों पर बेहतर काम का परिणाम**

**अमृत विचार:** माह फरवरी 2026 की यूपी हेल्थ डैशबोर्ड रैंकिंग में जनपद लखीमपुर खीरी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में 13वां और मंडल में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। यह रैंकिंग जनपद के 14 प्रमुख स्वास्थ्य संकेतकों के आधार पर तय की गई है, जिसमें जिले ने उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया है।

इस उपलब्धि में ब्लॉक बांकेगंज, मितौली और फरधान का प्रदर्शन सबसे बेहतर रहा, जबकि फूलबेहड़, पसगवां और निघासन ब्लॉक अपेक्षाकृत पीछे रहे। रैंकिंग के लिए जिन प्रमुख संकेतकों को आधार बनाया गया, उनमें गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच, चार बार रक्त जांच, संस्थागत प्रसव, नवजात शिशुओं की देखभाल, पूर्ण टीकाकरण, नसबंदी और आशा कार्यकर्ताओं के भुगतान जैसे बिंदु शामिल हैं।



सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता।

सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में नियमित समीक्षा बैठकों और ब्लॉक व जिला स्तर पर डाटा वैलिडेशन को मजबूत किए जाने से स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। इसी के चलते जिले को यह सफलता मिली है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं की निगरानी और प्रभावी अनुश्रवण के लिए जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई और ब्लॉक स्तर की टीमों ने लगातार बेहतर काम किया है, जिसका सीधा असर रैंकिंग में दिखा है। आगे की रणनीति के तहत जिले में स्वास्थ्य कर्मियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

स्टाफ नर्स और एएनएम को प्रसव दक्षता (स्किल बर्थ अटेंडेंट) का प्रशिक्षण, नवजात इकाइयों का उन्नयन, नई प्रसव इकाइयों की स्थापना और आशा कार्यकर्ताओं के समय पर भुगतान के लिए नियमित समीक्षा की जा रही है। सीएमओ ने इस उपलब्धि पर सभी अधीक्षकों, चिकित्साधिकारियों, ब्लॉक टीमों और फील्ड वर्कर्स को बधाई देते हुए आगामी महीनों में और बेहतर प्रदर्शन करने के निर्देश दिए हैं।

# ई-ऑफिस से हो पत्रावलियों का निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- **शिक्षा विभाग को लखनऊ मंडल स्तर से दिए सख्त निर्देश**

**अमृत विचार:** शासकीय कार्यों में पारदर्शिता और तेजी लाने के लिए शिक्षा विभाग में ई-ऑफिस प्रणाली को अनिवार्य रूप से लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। लखनऊ मंडल स्तर से सभी जिलों के शिक्षा विभाग को पत्राचार पूरी तरह ई-ऑफिस के माध्यम से करने को कहा गया है। इस व्यवस्था का उद्देश्य पेपरलेस वर्क कल्चर को बढ़ावा देना और कार्यप्रणाली को सरल बनाना है।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि पारंपरिक कागजी प्रक्रिया को धीरे-धीरे समाप्त किया जाएगा। कार्मिकों को प्रशिक्षण देकर नई प्रणाली में दक्ष बनाया जा रहा है। निर्देशों के अनुपालन की साप्ताहिक समीक्षा भी की जा रही है।

लखनऊ मंडल के संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ. प्रदीप कुमार ने मंडल के सभी छह जिलों खीरी सहित लखनऊ, सीतापुर, उन्नाव, हरदोई और रायबरेली के जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालयों को निर्देश जारी किए हैं कि शिक्षा विभाग से संबंधित समस्त पत्राचार ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से ही किया जाए।

उन्होंने कहा कि इससे कार्यों में पारदर्शिता आएगी और समय की बचत होगी। मण्डलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि शिक्षा विभाग में ई-ऑफिस कार्यप्रणाली को प्रभावी बनाने के लिए उत्तर प्रदेश लोक सेवा केंद्र (यूपीएलसी) द्वारा फरवरी 2025 से फरवरी 2026 तक ऑनलाइन प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए हैं। इन प्रशिक्षणों के वीडियो पोर्टल पर उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे कार्मिक अपनी सुविधा अनुसार सीख सकें।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री कार्यालय के निर्देश पर शिक्षा विभाग के सभी जनपदीय व मण्डलीय कार्यालयों में ई-ऑफिस के माध्यम से किए जा रहे कार्यों की नियमित साप्ताहिक समीक्षा की जा रही है। इसके तहत ड्राइवर व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को छोड़कर सभी कार्मिकों को ई-ऑफिस को अपने दैनिक कार्यकलाप में शामिल करने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों का कहना है कि शिक्षा विभाग में ई-ऑफिस प्रणाली के पूर्ण क्रियान्वयन से न केवल कागज की बचत होगी, बल्कि कार्यों की निगरानी और जवाबदेही भी सुनिश्चित होगी।

### प्रशिक्षण से आसान होगी ई-ऑफिस प्रणाली

ई-ऑफिस प्रणाली को सरल और प्रभावी बनाने के लिए यूपीएलसी पोर्टल पर प्रशिक्षण वीडियो उपलब्ध कराए गए हैं। शिक्षा विभाग के कार्मिक इन वीडियो के माध्यम से फाइल संचालन, नोटिंग और पत्राचार की पूरी प्रक्रिया समझ सकते हैं। अधिकारियों का मानना है कि नियमित अभ्यास से यह प्रणाली कार्य संस्कृति का हिस्सा बन जाएगी और शासकीय कार्यों में तेजी आएगी।

# धाराएं हटाने के नाम पर रिश्वत मांगने का आरोपी दरोगा सस्पेंड

संवाददाता, सिंगाही

- **6 हजार रुपये मांगने का आरोप एसपी ने बैठाई जांच**

**अमृत विचार:** थाने में तैनात दरोगा मोहित सिंह को रिश्वत मांगने के आरोप में एसपी ने निलंबित कर दिया है। दरोगा का ऑडियो और वीडियो वायरल हुआ था। ऑडियो में मुकदमे से धाराएं हटाने के नाम पर 6 हजार रुपये मांगने की बात सामने आई है।

थाना क्षेत्र में खेत में बकरी चराने को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हुई थी। इसमें 9 मार्च को रिपोर्ट दर्ज हुई थी। इसकी जांच दरोगा मोहित सिंह कर रहे थे। पीड़ित का आरोप है कि जांच के दौरान दरोगा ने दर्ज रिपोर्ट से कुछ धाराएं हटाने के नाम पर 6 हजार रुपये ले लिए। ऑडियो और वीडियो वायरल होने के बाद पीड़ित पर दबाव बनाकर यह लिखकर देने को कहा कि उससे कोई धनराशि नहीं ली गई है। ऑडियो वायरल होने के बाद मामला तूल पकड़ गया। पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग ने पूरे प्रकरण का संज्ञान लेते हुए दरोगा मोहित सिंह को सस्पेंड कर दिया और विभागीय जांच के आदेश दे दिए। एसपी ने बताया कि विभागीय जांच भी बैठाई गई है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# सांसद चंद्रशेखर आजाद आज आएंगे

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- **गांव-गांव जनसंपर्क, भारी भीड़ की आशंका पर प्रशासन अलर्ट**

**अमृत विचार:** आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद चंद्रशेखर आजाद आज यानी रविवार को लखीमपुर पहुंचेंगे। वह पार्टी की आयोजित बहुजन संकल्प रैली को संबोधित करेंगे। उनके प्रथम आगमन को लेकर तैयारियां अपने चरम पर पहुंच गई हैं। कार्यक्रम को लेकर आयोजकों और समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है, वहीं पूरे जिले में इस सभा को लेकर चर्चाओं का माहौल गर्म है।

आयोजन स्थल पर मंच, पंडाल, बैरिकेडिंग और बैठने की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। बड़ी संख्या में लोगों के जुटने की संभावना को देखते हुए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। समर्थक गांव-गांव और शहर के विभिन्न मोहल्लों में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। आयोजकों का दावा है कि यह कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा और इसमें हजारों की संख्या में लोगों के पहुंचने की उम्मीद है।

बताया गया कि सांसद चंद्रशेखर आज़ाद सुबह करीब 11 बजे विलोबी मैदान पहुंचेंगे, जहां जिलेभर से कार्यकर्ता और समर्थक उनका स्वागत करेंगे। संभावित भीड़ को देखते हुए पुलिस और प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क हो गया है। सुरक्षा के लिहाज से जिले के सभी थाना प्रभारियों को अलर्ट किया गया है और कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया जाएगा। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए भी विशेष प्लान तैयार किया जा रहा है।

प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि कार्यक्रम को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक इंतजाम किए जा रहे हैं। वहीं आयोजकों ने लोगों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।






# प्रमुख सचिव पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन पहुंचीं दुधवा

- **निरीक्षण करने के बाद अधिकारियों के साथ की बैठक**
- **थारू ग्राम परसिया में हैंडलूम इकाई का किया आरंभ**

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचार:** प्रमुख सचिव, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन उत्तर प्रदेश वी.हेकाली झिमोमी शनिवार को दुधवा टाइगर रिजर्व पहुंची। उन्होंने ग्रासलैंड, सोलर पंप आदि कार्यों का निरीक्षण कर विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। परसिया गांव पहुंचकर नवनिर्मित हैंडलूम इकाई का शुभारंभ भी किया।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व के कार्यों का निरीक्षण करने के बाद प्रमुख सचिव किशनपुर वन्यजीव विहार पहुंची। किशनपुर में दुधवा टाइगर रिजर्व के मुख्य वन संरक्षक एवं फील्ड निदेशक डॉ. एच राजा मोहन और उप निदेशक जगदीश आर ने शाकाहारी वन्य जीवों के उचित खाद्य प्रबंधन की दृष्टि से कराए गए फांटा प्रबंधन के कार्यों का तथा पेयजल व्यवस्था को बेहतर किए जाने के दृष्टिगत लगाए गए सोलर पंप का उन्हें निरीक्षण कराया। मानव वन्य जीव संघर्ष की स्थितियों पर अंकुश लगाए जाने के लिए कराई गई चेनलिंक फेंसिंग कार्यों की जानकारी भी।



दुधवा के एक पालतू हाथी को केला खिलातीं प्रमुख सचिव। ● अमृत विचार



परसिया में थारू महिलाओं द्वारा किया जा रहा स्वागत। ● अमृत विचार

दुधवा के प्रथम गैंडा पुनर्वास केन्द्र पहुंच कर पुनर्वास केंद्र की एवं स्वच्छंद विचरण हेतु अवमुक्त किए गए गैंडों की जानकारी ली। दुधवा में फाटां प्रबंधन के कराए गए कार्यों का तथा वन्य जीवों की पेय व्यवस्था को लगवाए गए सोलर पंप का भी उन्होंने निरीक्षण किया। प्रथम गैंडा पुनर्वास केन्द्र की मॉनिटरिंग का मुख्य केन्द्र सलूकापुर जाकर महावत एवं चाराकटरों से राजकीय हाथियों एवं उनके द्वारा गैण्डा मॉनिटरिंग की जानकारी ली। इस मौके पर उन्हें विश्व प्रकृति निधि से प्राप्त हारनेस बेल्ट प्रदान की गई, जिससे वह राजकीय हाथियों हेतु मॉनिटरिंग एवं चारा काटने के दौरान उत्पन्न होने वाली आकस्मिक विपरीत स्थितियों का सामना कर सकें।

दुधवा पर्यटन परिसर में दुधवा अधिकारियों के साथ बैठक कर दुधवा के बारे में जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में महावीर सिंह वन्य जीव प्रतिपालक पलिया, धर्मेन्द्र द्विवेदी, वन्य जीव प्रतिपालक दुधवा, दीपक कुमार पांडेय उप प्रभागीय वनाधिकारी बेलरायां व सभी क्षेत्रीय वन अधिकारी, विश्व प्रकृति निधि के प्रतिनिधि एवं पर्यटन स्टाफ उपस्थित रहा। उत्तर सोनारीपुर रेंज के परसिया गांव में उन्होंने विश्व प्रकृति निधि द्वारा लगवाई गई हैण्डलूम इकाई का उन्होंने शुभारंभ किया। इस अवसर पर दुधवा के उच्चाधिकारियों के साथ, विश्व प्रकृति निधि के अधिकारीगण, स्थानीय अनेक ग्रामीण, ईको विकास समिति के सदस्य, दुधवा टाइगर कंजर्वेशन फाउंडेशन की टीम उपस्थित रही।

## न्यूज ब्रीफ

### गन्ने के बीज को लेकर महिला से मारपीट

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** खमरिया थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव निवासी नंदरानी ने बताया कि सुबह करीब 9 बजे गांव के ही सतलू, मनोज, पुष्पा और नीतू ने गन्ने के बीज को लेकर विवाद के दौरान गाली–गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी–डंडों और लात–घूंसों से हमला मारापीटा। जाते समय आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर महिला का मेडिकल परीक्षण कराया है।

### खेत के बंटवारे को लेकर हुआ विवाद

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** कोतवाली धौरहरा क्षेत्र के सिसैयाखुर्द गांव निवासी मोहन ने बताया कि शाम करीब 4 :30 बजे उसके भाई रामप्रकाश और भतीजे इन्दल व देशराज ने बंटवारे को लेकर विवाद किया। आरोप है कि तीनों ने उसकी पत्नी मोहिनी को गाली–गलौज करते हुए मारपीट की, जिससे उसके सिर पर चोट आई। जाते समय जान से मारने की धमकी भी दी गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच एसआई रुद्रप्रकाश पांडेय को सौंपी है।

### चीनी मिल ने 22 मार्च तक का भुगतान भेजा

**बग्घून, अमृत विचार :** बलरामपुर चीनी मिल की इकाई कुंभी चीनी मिल ने 22 मार्च तक खरीदे गए गन्ने का भुगतान किसानों के बैंक खातों में भेज दिया है। कुंभी चीनी मिल के उप महाप्रबंधक गन्ना चंद्रहास ने बताया कि 7653 गन्ना किसानों के बैंक खातों में 16 .27 करोड़ रुपया भेजा गया है। चीनी मिल अब तक 62609 किसानों को 587 .51 करोड़ रुपयों का भुगतान कर चुकी है।

### पति पत्नी पर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के रहमतनगर गांव निवासी अमित कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 26 मार्च की सुबह वह खाना लेकर खेत पर जा रहे थे तभी गांव का जितेंद्र और उसकी पत्नी रेनू ने उसके साथ मारपीट की, सिर पर कुदाल मारकर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। उन्होंने दोनों के नामजद रिपोर्ट दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की है।

सबसे पुराना स्थापित 1960
गुप्त रोगी रोजाना मिलें
हर जगह से परेशान रोगी मिलें
नामर्दी, शीघ्रपतन, इच्छा की कमी
बिना ऑपरेशन दर्द रहित उपचार
बवासीर
खूनी, वादी, बवासीर, भगन्दर
कांच का बिना ऑपरेशन
इलाज दर्द रहित
उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध टॉप नं. 1
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
निकट जिला पंचायत चौपुला
कुतुबखाना रोड, बरेली
मो. 9259082174

# चैती मेला का सीडीओ, एसपी ने किया उद्घाटन

## ढोल-नगाड़े एवं बैंडबाजे के साथ ऐतिहासिक मेले की शुरुआत, मेला मैदान के प्रथम गेट पर की गई पूजा-अर्चना



गोला के ऐतिहासिक चैती मेला का फीता काटकर उद्घाटन करते एसपी और सीडीओ। ● अमृत विचार


मेले का भ्रमण कर व्यवस्थाएं देखते अतिथि। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- चैती मेला के लिए पर्यटन एवं संस्कृति विभाग ने 40 लाख रुपये का बजट किया पास

**अमृत विचारः** ढोल, नगाड़े, बैंडबाजे के साथ ऐतिहासिक चैती मेले की शुरुआत शनिवार की रात को हो गई। सीडीओ अभिषेक कुमार, एसपी डॉ ख्याति गर्ग, ट्रेनी आईएएस मनीषा धार्वे, एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी ने नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू के साथ फीता काटकर चैती मेले की शुरुआत कराई। मेला मैदान के प्रथम गेट पर आचार्य लवकुश शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन कराया।

नगर का ऐतिहासिक चैती मेला 120 वर्ष पुराना है। इस बार चैती मेला के लिए पर्यटन एवं संस्कृति विभाग द्वारा 40 लाख रुपये का बजट पास किया गया है। शनिवार रात 8 बजे से चैती मेले का आगाज हो गया। मेले में दूरदराज के दुकानदार, खेल तमाशा, स्वादिष्ट व्यंजन, झूले, हरमाल, होजरी वालों ने दुकानें सजाई हैं। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से मेला मैदान में अस्थाई कोतवाली स्थापित की गई है, जिसका जिम्मा क्राइम इंस्पेक्टर संतोष कुमार को सौंपा गया है। 28 मार्च से 16 अप्रैल तक 20 दिन तक होने वाले मेले के सांस्कृतिक मंच पर विभिन्न प्रकार के धार्मिक, लोकगीत, संगीत आदि के सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

गंगा जमुनी तहजीब और स्थानीय संस्कृति का प्रतीक 121वें ऐतिहासिक चैती मेले का भव्य शुभारंभ शनिवार रात हुआ। इस बार 20 दिनों तक होने वाले ऐतिहासिक चैती मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों, लोक नृत्य, कवि सम्मेलन, भजन संध्या, लोक नृत्य, पंजाबी नाइट, खाटू श्याम संकीर्तन, कवि सम्मेलन, कव्वाली, स्कूली बच्चों के कार्यक्रम सांस्कृतिक मंच पर आयोजित किए जाएंगे, जिसमें नगर की प्रतिभाओं को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने को एक शानदार मंच मिलेगा। मेले का उद्घाटन करने के बाद अधिकारियों ने पालिका अध्यक्ष के साथ राजेंद्र गिरि की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मेले का भ्रमण कर व्यवस्थाएं देखी। सांस्कृतिक मंच पर दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत कराई। सांस्कृतिक मंच पर रामायण का मंचन देख दर्शक भाव विभोर हो गए।

सभासद हर्ष अवस्थी, सत्रोहन मिश्र, धीरज वाजपेई, अमित शुक्ला, विजय बाजपेई, बार संघ के महामंत्री संदीप अवस्थी, सीओ अरुण कुमार सिंह, इंस्पेक्टर अंबर सिंह, द्वारिका प्रसाद रस्तोगी, अरुण अवस्थी, रविंद्र कटियार, धीरज बाजपेयी, सहित पालिका के सभासद और कर्मचारी मौजूद रहे।

**चैती मेला में आजः** नगर पालिका परिषद के तत्ववाधान में हो रहे चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर भजन संध्या शाम सात बजे से।

# हाईवे पर गड्ढों से राहगीर और वाहन चालक परेशान

**मझगई, अमृत विचारः** पलिया-निघासन स्टेट हाईवे पर बघइया के पास सड़क की खराब हालत राहगीरों और वाहन चालकों के लिए जानलेवा साबित हो रही है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, सड़क पर बने गहरे गड्ढों में गिरकर अब तक कई लोग घायल हो चुके हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से कोई कार्रवाई नहीं हुई है। नौगवां से लेकर सलीमाबाद तक हाईवे की स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। जगह-जगह एक से डेढ़ फुट बने गहरे गहरे गड्ढे वाहन चालकों के लिए मुश्किलें बढ़ा रहे हैं। खासकर रात के समय इन गड्ढों को देख पाना मुश्किल होने के कारण दुर्घटना का खतरा और बढ़ जाता है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि कई बार संबंधित विभाग को सड़क की हालत के बारे में अवगत कराया गया, लेकिन न तो मरम्मत हुई और न ही चेतावनी बोर्ड लगाए गए। इसके चलते राहगीरों और यात्रियों की जान जोखिम में बनी हुई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द हाईवे की मरम्मत कराई जाए और सुरक्षा उपाय किए जाएं, ताकि किसी बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके। वहीं जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी लोगों में गहरी नाराजगी पैदा कर रही है।

# पशुपालन से होगी किसानों की आय दोगुनी

संवाददाता, ओरछी, आसफपुर

- ब्लाक आसफपुर में पशुपालकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में दी जानकारी

**अमृत विचार :** विकास खंड आसफपुर में शनिवार को उन्नतशील पशुपालकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य वैज्ञानिक पद्धति से किसानों को पशुपालन सीखना तथा किसानों की आय दोगुना करना था। मुख्य अतिथि विकासखंड आसफपुर के ब्लॉक प्रमुख ओम किशन सागर रहे। प्रशिक्षण के दौरान पशु चिकित्सा अधिकारी आसफपुर डॉक्टर दीप वार्ष्णेय द्वारा पशुओं के रखरखाव संबंधित विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला तथा किसानों को बताया कि पशुपालन के मुख्य चार स्तंभ होते हैं। प्रथम स्तंभ के रूप में पशुओं की आवास व्यवस्था द्वितीय स्तंभ के रूप में पशुओं की प्रजनन व्यवस्था तृतीय में पशुओं की स्वास्थ्य व्यवस्था एवं चतुर्थ स्तंभ के रूप में पशुओं के आहार व्यवस्था पर जानकारी दी गई। किसानों को अपने घर की खाद्य सामग्री से ही संतुलित आहार बनाए जाने के बारे में बताया गया।

उच्च गुणवत्ता वाले प्रजनन पर भी प्रकाश डाला गया। राज्य आपदा में किसानों को लाभ लेने के बारे में सभी जानते हैं, राज्य आपदा के अंतर्गत दैवीय आपदा से होने वाली घटनाएं जैसे अत्यधिक बारिश से पशुओं की मृत्यु, बोरवेल में पशुओं का गिरना, आग लगा, लू लगना, आकाशीय बिजली, सर्प दंश, वन्यजीव द्वंद इत्यादि से होने वाली घटनाएं होती हैं ऐसी स्थिति में पशुपालक को क्या करना चाहिए, इस पर विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। बताया कि राज्य आपदा निधि के अंतर्गत तहसील द्वारा बड़े पशु पर 37,500 का अनुदान दिया जाता है। बताया कि अधिक दूध देने वाले गोवंश पालें और उनसे लाभ कमाएं।

अंत में डॉ. वार्ष्णेय द्वारा पशुपालन विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजना जैसे नंदिनी कृषक समृद्धि योजना, मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना, उन्नतशील पशुपालन प्रोत्साहन योजना, पशुधन बीमा योजना ,बैकयार्ड पोल्ट्री योजना, मुख्यमंत्री निराश्रित बेसहारा गौवंश सहभागिता योजना आदि पर विस्तृत जानकारी दी गई। पशु चिकित्सालय मुड़िया धुरेकी के डॉक्टर रविंद्र कुमार ने पशुओं में होने वाली विभिन्न शल्य चिकित्साओं के बारे में जानकारी दी, डॉ रवि कुमार द्वारा पशु एंबुलेंस के प्रयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

# 1054 बच्चों को मिलेगा निजी स्कूलों में प्रवेश

**बदायूं, अमृत विचारः** शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत निजी स्कूलों में गरीब परिवार के बच्चों के लिए कक्षा एक में प्रवेश करने की प्रक्रिया तीन चरणों में पूरी की गई है। तीसरे और अंतिम चरण में जिले भर से 1350 आवेदन अभिभावकों के द्वारा किए गए थे।

इनका खंड शिक्षा अधिकारी और बीएसए के स्तर पर सत्यापन किया गया। सत्यापन के दौरान 1194 आवेदन सही पाए गए। शनिवार को डीएम अवनीश कुमार राय ने लॉटरी निकाली, जिसमें 1054 बच्चों को स्कूल आवंटित किए गए। स्कूलों में सीटें फुल होने की वजह से 140 बच्चों को स्कूल आवंटित नहीं किया जा सका। जिन बच्चों को स्कूल आवंटित किए हैं अब उन्हें शिक्षा विभाग द्वारा प्रवेश लेने के लिए पत्र जारी किया जा रहा है।

# अधिकारी नदारद, फरियादी लौटे

- खाली पड़ी कुर्सियां बयां कर रही व्यवस्था की सच्चाई
- समाधान दिवस में लेखपाल आए हस्ताक्षर कर लौटे, सुनवाई शून्य

संवाददाता, निघासन



कोतवाली परिसर में खाली पड़ी कुर्सियां। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस महज औपचारिकता बनकर रह गया। शनिवार को हुए समाधान दिवस में न तो जिम्मेदार अधिकारी पहुंचे और न ही फरियादियों की समस्याओं का समाधान हो सका। खाली पड़ी कुर्सियां ही पूरे आयोजन की हकीकत बयां करती रहीं।

जानकारी के अनुसार राजस्व विभाग के पांच लेखपाल तो पहुंचे, लेकिन उन्होंने केवल उपस्थिति रजिस्टर पर हस्ताक्षर किए और बिना किसी सुनवाई के वापस चले गए। अधिकारी न होने के कारण पुलिसकर्मी भी फरियाद सुनने के बजाय अपने नियमित कार्यों में व्यस्त नजर आए। दोपहर करीब साढ़े बारह बजे तक फरियादी अधिकारियों का इंतजार करते रहे, लेकिन कोई भी जिम्मेदार मौके पर नहीं पहुंचा।

इस दौरान बल्लीपुर से आई कमला देवी खेत संबंधी विवाद लेकर आई थीं, लेकिन सुनवाई न होने पर उन्हें मायूस होकर लौटना पड़ा। इसी तरह मुर्गाहा की गूना और रानीगंज के शमशेर सहित कई अन्य फरियादी भी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे, लेकिन अधिकारियों के न मिलने के कारण सभी को निराश होकर वापस जाना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि समाधान दिवस जैसे महत्वपूर्ण आयोजन में इस तरह की लापरवाही से आम जनता का भरोसा उठ रहा है। उन्होंने उच्चाधिकारियों से व्यवस्था में सुधार और जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# मंगला देवी मंदिर पर अव्यवस्थाएं हावी

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- नवरात्र पर परेशान हुए श्रद्धालु पेयजल की किल्लत
- हैंडपंप से निकलता गंदा पानी आरओ भी पड़ा खराब

**अमृत विचारः** नगर के सिद्धपीठ मां मंगला देवी मंदिर में नवरात्रि के समापन पर कन्या भोज, भंडारा कराने वाले श्रद्धालुओं को अव्यवस्थाओं के कारण दिक्कतें हुई हैं।

मंदिर पर अक्सर धार्मिक अनुष्ठान होते रहते हैं, लेकिन व्यवस्थाओं की स्थिति बेहद चिंताजनक है। मौके पर पहुंचे श्रद्धालुओं ने बताया कि प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार की उचित व्यवस्था नहीं की गई थी। मंदिर परिसर में लगे एकमात्र इंडिया मार्का हैंडपंप से नाली जैसा गंदा पानी निकल रहा था, जिससे श्रद्धालुओं में आक्रोश फैल गया। वहीं परिसर में लगा हुआ वाटर कूलर भी बंद पड़ा मिला और उसे जाल से ढक दिया गया था, जिससे पीने के पानी की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई।

नवरात्र के समापन पर जुटी भीड़ में छोटे बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग बड़ी संख्या में मौजूद थे, लेकिन सुरक्षा के कोई ठोस इंतजाम नहीं थे। स्थानीय लोगों का कहना है कि भीड़ का फायदा उठाकर कुछ अराजक तत्व माहौल बिगाड़ सकते थे, जिससे किसी भी अप्रिय घटना की आशंका बनी रही। सबसे बड़ी बात यह रही कि मौके पर कोई जनप्रतिनिधि या प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता नहीं पहुंचा, जो देख सके कि इतनी बड़ी धार्मिक आस्था के केंद्र पर इस तरह की घोर लापरवाही ने प्रशासन और जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय नागरिकों ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि नवरात्रि जैसे महत्वपूर्ण पर्व वर्ष में दो बार आते हैं, फिर भी हर बार ऐसी अव्यवस्था यह दर्शाती है कि जिम्मेदार लोगों के लिए इन धार्मिक आयोजनों का कोई विशेष महत्व नहीं रह गया है। यदि समय रहते प्रशासन और जनप्रतिनिधि अपनी जिम्मेदारी निभाते, तो मंदिर का दृश्य पूरी तरह अलग हो सकता था। बेहतर व्यवस्थाएं न सिर्फ श्रद्धालुओं को सुविधा देतीं, बल्कि समाज में सकारात्मक संदेश भी जाता और लोगों का अपने धर्म व परंपराओं के प्रति विश्वास और अधिक मजबूत होता।

# कैमरों की निगरानी में रहेंगे शहर के प्रमुख चौराहे

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- सुरक्षा व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए नगर पालिका परिषद ने शुरू की तैयारी

**अमृत विचारः** शहर में सुरक्षा व्यवस्था बेहतर बनाने को नगर पालिका परिषद ने नई तैयारी शुरू की है। भीड़भाड़ वाले चौराहों पर हर गतिविधि कैमरों की नजर में होगी। सेफ सिटी योजना के तहत प्रमुख स्थानों को हाईटेक निगरानी से जोड़ा जाएगा। इससे अपराध पर अंकुश लगाने के साथ ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने में भी मदद मिलेगी। नगर पालिका ने इस योजना का प्रस्ताव शासन को भेज दिया है।

नगर पालिका परिषद द्वारा पहले चरण में शहर के 10 प्रमुख चौराहों को चिन्हित किया गया है, जहां 36 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इस पूरे प्रोजेक्ट पर करीब 80 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। जिन स्थानों को चुना गया है, उनमें श्रीराम चौराहा, सौजन्या चौक और गुरु गोविन्द सिंह चौक जैसे प्रमुख इलाके शामिल हैं, जहां दिन-रात निगरानी रखी जाएगी। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि कैमरे लगाने की प्रक्रिया तकनीकी स्तर पर शुरू हो चुकी है। सभी कैमरे हाई रेजोल्यूशन के होंगे, जिससे संदिग्ध गतिविधियों की पहचान आसानी से की जा सकेगी। इन कैमरों को एक कंट्रोल रूम से जोड़ा जाएगा, जहां से पूरे शहर की निगरानी की जाएगी और जरूरत पड़ने पर तुरंत कार्रवाई संभव होगी। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव ने कहा कि शहर को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के लिए यह कदम जरूरी है।

# मैलानी का युवक नेपाल से किशोरी को लेकर फरार

**मैलानी, अमृत विचारः** बिहार प्रांत के सीतामढ़ी निवासी एक व्यक्ति काठमांडू में सब्जी की दुकान चलाकर परिवार का भरण पोषण करते हैं। उन्होंने बताया कि मैलानी निवासी नबी अहमद उनकी 14 वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर लेकर कहीं चला गया। घटना के बाद उन्होंने न्याय के लिए पलिया विधायक रोमी साहनी से गुहार लगाई। विधायक ने मामले को गंभीरता से लेकर स्वयं पीड़ित को लेकर मैलानी थाने पहुंचे और पुलिस को पूरी जानकारी दी। उन्होंने पुलिस से पीड़ित की मदद करने को कहा। उसके बाद मामले की सूचना पुलिस अधीक्षक ख्याति गर्ग को दी गई, जिन्होंने तत्काल संज्ञान लेते हुए मैलानी थाना प्रभारी को सख्त कार्रवाई करते हुये किशोरी की बरामदगी के निर्देश दिए हैं।

## न्यूज डायरी



### प्रतिमाओं का शारदा में किया गया विसर्जन

**मूड़ा सवारान, अमृत विचार :** क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडालों में स्थापित देवी देवताओं की प्रतिमाओं का शनिवार को पूरे विधि विधान और श्रद्धा के साथ शारदा नदी में विसर्जन किया गया। सुबह से ही पूजा समितियों और श्रद्धालुओं की ओर से विसर्जन की तैयारियां शुरू हो गई थीं। अलग अलग स्थानों से शोभायात्राएं निकाली गईं, जो गांवों के मुख्य मार्गों से होती हुई विसर्जन स्थल शारदा नदी तक पहुंचीं। शोभायात्रा के दौरान भक्तों में उत्साह देखने को मिला। ढोल–नगाड़ों की धुन और भक्ति गीतों के बीच श्रद्धालु नाचते गाते आगे बढ़ते रहे। जगह जगह लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत किया और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। मां दुर्गा और अन्य देवी देवताओं के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। विसर्जन स्थल पर पहुंचकर पंडितों द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कराई गई।



### विधायक ने दिव्यांगों को बांटी ट्राई-साइकिल

**बिसौली, अमृत विचार :** खंड विकास परिसर में शनिवार को ब्लॉक प्रमुख सरला देवी की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक आशुतोष मौर्य उपस्थित रहे। बैठक के दौरान विधायक ने जिला दिव्यांग कल्याण अधिकारी की उपस्थिति में विधानसभा क्षेत्र के दिव्यांगों को ट्राई–साइकिल वितरित कीं। विधायक ने कहा कि सरकार की मंशा हर जरूरतमंद तक मदद पहुंचाने की है। बैठक में समाज कल्याण, बेसिक शिक्षा, स्वास्थ्य, पशुपालन, पंचायती राज और सहकारिता विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। खंड विकास अधिकारी राकेश कुमार निराला ने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होने आश्वस्त किया कि जो पात्र व्यक्ति किन्हीं कारणों से योजनाओं से वंचित रह गए हैं, उन्हें चिन्हित कर लाभान्वित किया जाएगा।



### चैत्र नवरात्रि के समापन पर विधायक ने फार्म हाउस पर कराया कन्या भोज

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** चैत्र नवरात्रि के समापन पर रामनवमी को विधायक ने फार्म हाउस पर हवन, पूजन कर परिजनों संग कन्या पूजन कर भव्य भोज कराया। लाल्हापुर स्थित फार्म हाउस पर विधायक अमन गिरि ने रामनवमी पर्व पर हवन, पूजन कर मां दुर्गा के स्वरूप कन्याओं के तिलक लगाकर पूजा की, उन्हें भव्य भोज कराया और उपहार भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने यह आयोजन समाज में नारी शक्ति के सम्मान और सांस्कृतिक धरोहर के रूप में मनाया।



### विद्यार्थियों ने निकाली स्कूल चलो अभियान रैली

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** स्कूल चलो अभियान की रैली में अभिभावकों से बच्चों को पढ़ाओ। ऐसी जागरुकता पैदा करने के लिए बच्चों को पढ़ने के लिए एक निवेदित रैली का आयोजन बैंड बाजे के साथ किया गया। लक्ष्मीनगर कॉलोनी के आदर्श सरस्वती ज्ञान मंदिर के विद्यार्थियों ने स्कूल चलो स्कूल चलो, आधी रोटी खाओ, बच्चों को पढ़ाओ, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, बेटी दो घर की रोशनी होती है। आदि अनेक नारे बच्चों के द्वारा गूंजते हुए सड़क पर नजर आए। बैंड बाजे के साथ बच्चे, शिक्षकों और अभिभावकों के सहयोग से उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश अनुसार रैली का आयोजन किया गया। सभी पढ़ें, सभी बढ़े, शिक्षा एक ऐसी मास्टर चाबी है जिससे हर एक ताले खुल सकते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश कश्यप ने सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं, अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि जो कमजोर वर्ग के बच्चे हैं, उनके लिए आदर्श सरस्वती ज्ञान मंदिर लक्ष्मी नगर कॉलोनी सेवा में तत्पर है और सदैव रहेगा। रैली में काजल वर्मा, लक्ष्मी देवी, ममता मिश्रा, अंजली वर्मा, सुमित कुमार यादव, रामनरेश वर्मा, सोहनी गुप्ता, कामिनी वर्मा, सानिया शर्मा, मनीषा देवी, लक्ष्मी श्रीवास्तव, रूबी देवी, नेहा शर्मा, अलका वर्मा, पूजा गुप्ता, कल्पना गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** थाना हैदराबाद क्षेत्र के गांव ममरी निवासी दीपक ने बताया कि वह अपने पुत्र आशुतोष और भांजी के साथ रेलवे स्टेशन से ममरी के लिए जा रहा था। स्टेशन के बाहर आयुश गुप्ता ने अपने दो तीन अज्ञात साथियों के साथ मामूली कहासुनी पर अचानक लोहे की राड, बाल्टी से हमला कर उसे और उसके लड़के को मारा पीटा व गरम पानी फेंका, जिससे आशुतोष की गर्दन में छाले पड़ गए। लोहे की राड लगने से उसका हाथ जख्मी हो गया। लोहे की बाल्टी से सर फोड़ दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए। उसने आयुष गुप्ता के नामजद और उसके दो तीन अज्ञात साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### मारपीट की छह पर नामजद रिपोर्ट

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के दलेलनगर गांव निवासी रंजीत कुमार ने बताया कि गांव निवासी लल्लन, सरोजनी देवी और अमित घर के दरवाजे के सामने नींव खोदने वाले और रास्ता बंद करने की धमकी दी, जब उसने विरोध किया तो वह गाली गलौज करते हुए डंडा लाठी, कुदाल से हमलों कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने तीनों के नामजद रिपोर्ट दर्ज करवा दी है। दूसरे पक्ष के लल्लन ने रंजीत, सुशील और पिंकी देवी पर मारपीट कर घायल करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### 30 को आईटीआई में लगेगा शिक्षुता मेला

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) परिसर में 30 मार्च को सुबह 10 :30 बजे से 3 :30 बजे तक शिक्षुता मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में विभिन्न अधिष्ठान और कंपनियां प्रतिभाग करेंगी, जहां प्रशिक्षित और इच्छुक अभ्यर्थियों को अप्रेंटिसशिप के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।नोडल प्रधानाचार्य पी .के . शाक्यवार ने बताया कि अप्रेंटिस प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक अभ्यर्थी अपने शैक्षिक व तकनीकी बायोडाटा, सभी मूल प्रमाण पत्र और छायाप्रति के साथ आईटीआई परिसर पहुंचकर मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह मेला युवाओं के लिए रोजगार और कौशल विकास का अच्छा अवसर साबित होगा।

# महिला की लाठी-डंडों से पीटकर हत्या

## बाइक टकराने पर दो पक्षों में हो रहा था विवाद, बीच बचाव करने आई थी महिला

- दोनों पक्षों में पहले से ही रंजिश बताई जा रही है

संवाददाता, बिलहरी/केशवापुर



बघमरा गांव में गमगीन बैठीं परिवार और गांव की महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** थाना हैदराबाद की अजान चौकी क्षेत्र के बघमरा गांव में बीती रात एक मामूली बाइक टकराव ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। दो पक्षों के विवाद में बीच बचाव करने पहुंची 50 वर्षीय महिला कमला देवी की लाठी डंडों से पिटाई कर हत्या कर दी गई। दोनों पक्षों में पहले से ही रंजिश बताई जा रही है। रात में ही सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है, जिसे देखते हुए हैदराबाद पुलिस गांव में तैनात कर दी गई है।



मृतका कमला देवी।

ग्रामीणों और परिजनों के अनुसार मूड़ा जवाहर निवासी अनुराग गौतम पुत्र संतोष कुमार किसी काम से शुक्रवार की रात में बाइक से बघमरा गांव आया था। गांव के दक्षिणी छोर पर चमन यादव अपने झाले के पास खड़ा था, तभी अनुराग की बाइक उससे टकरा गई। इसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। शोर सुनकर पड़ोस में रहने वाले मिश्रीलाल, पंकज, दिनेश और बसंत बीच बचाव करने पहुंचे। बताया जा रहा है कि कमला देवी के परिवार और इन पड़ोसियों के बीच जमीन को लेकर पहले से पुरानी रंजिश चली आ रही थी, जिसके चलते बीच बचाव के दौरान ही दोनों पक्षों में कहासुनी तेज हो गई। इसी बीच चमन यादव के घर विवाद की सूचना पर उसकी मां कमला देवी और बड़ा बेटा रेशम सिंह यादव भी मौके पर आ गए।

आरोप है कि पहले से लाठी डंडों से लैस पंकज, दिनेश, मिश्रीलाल, बसंत आदि ने उन पर हमला बोल दिया। मारपीट में कमला देवी को गंभीर अंदरूनी चोटें आईं और वह मौके पर ही गिर पड़ीं। घटना की सूचना पर डायल 112 की टीम रात में ही गांव पहुंची और स्थिति को संभालते हुए थाना प्रभारी हैदराबाद को बुलाया। डायल पुलिस ने घायल कमला देवी को तत्काल सीएचसी गोला भेजवाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर हैदराबाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। गांव में तनाव को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

### पांच लोगों पर हत्या की नामजद रिपोर्ट दर्ज

**बिलहरी।** हैदराबाद थाना क्षेत्र के गांव बघमरा में हुई घटना पर शीलम यादव पुत्री स्वर्गीय सुरेंद्र सिंह ने मूड़ा जवाहर निवासी अनुराग, बघमरा गांव निवासी मिश्रीलाल, बसंत, पंकज और दिनेश पुत्र बाबूराम के नामजद रिपोर्ट दर्ज कराकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

"मृतक महिला का शव पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है। अभी तक मृतका के परिजनों की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है और न ही आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस गांव में कैंप कर रही है और हालात पर नजर रखे हुए है। -**सुनील कुमार मलिक, थानाध्यक्ष हैदराबाद**

## लखीमपुर रेड ने जीता क्रिकेट मैच

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** स्पोर्ट्स स्टेडियम, लालपुर में जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित बी डिवीजन जिला क्रिकेट लीग के अंतर्गत लखीमपुर रेड और लखीमपुर ब्लू के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए लखीमपुर रेड ने निर्धारित 40 ओवरों में 248 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से रोमन बेग (53 रन), आशुतोष गौरव (52 रन) और सूजन अवस्थी (51 रन) ने शानदार अर्धशतकीय पारियां खेलीं। लखीमपुर ब्लू की तरफ से अनुराग कुशवाहा ने 2 विकेट झटके। 249 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखीमपुर ब्लू की टीम 40 ओवर में 143 रन पर सिमट गई। टीम की ओर से धर्मवीर (38 रन), इशू वर्मा (26 रन) और एरिन सिंह (25 रन) ने संघर्षपूर्ण पारियां खेलीं, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। लखीमपुर रेड की ओर से गेंदबाजी में श्वेतांक पटेल और अभिनव मौर्य ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3-3 विकेट हासिल किए और टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। बेहतरीन गेंदबाजी प्रदर्शन के लिए श्वेतांक पटेल को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। मैच के दौरान अभिषेक शुक्ला, राम जी कश्यप, विशाल वर्मा, नीरज शुक्ला, मलिक इरफान, रवि शंकर तिवारी एवं मसीहा अहमद आदि मौजूद रहे।

# हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत



सीएचसी में रोते-बिलखते परिजन। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- एक इकलौता बेटा, दूसरे की 10 माह पहले हुई थी शादी

**अमृत विचार:** खुटार रोड बाईपास पर दतेली गांव के पास शनिवार देर शाम हुए सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही अस्पताल पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार, छितौनिया गांव निवासी सौरभ वर्मा (24) पुत्र मनोज वर्मा अपने गांव से गोला किसी काम से बाइक से जा रहा था। उसके साथ गांव का ही शिवम (24) पुत्र लालाराम राठौर भी सवार था। शाम करीब 6:30 बजे दतेली गांव के पास गंभीर हालत में सड़क किनारे पड़े मिले। हादसा किस वाहन से हुआ, इसका पता नहीं चल सका है। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) गोला लेकर आई, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

परिजनों ने बताया कि सौरभ अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था और उसकी एक बड़ी बहन है। वहीं शिवम अपने चार भाइयों में सबसे बड़ा था, जिसकी शादी महज 10 माह पहले ही हुई थी। दोनों युवकों की असमय मौत से परिवारों में मातम छा गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है।

# सड़क हादसों में दो लोगों की मौत, दो घायल

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** अलग-अलग स्थानों पर हुए दो सड़क हादसों में दो युवकों की मौत हो गई। इससे मृतकों के घरों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिवार वालों को सौंप दिए हैं।

पहला हादसा शुक्रवार की देर रात थाना फरधान क्षेत्र में हुआ। सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव रवहीं निवासी छोटे का 22 वर्षीय बेटा मनीष अपने दोस्त सचिन और एक अन्य के साथ थाना फरधान क्षेत्र के गांव दलेलनगर कार्यक्रम में शामिल होने बाइक से गया था। देर रात लौटते समय देवकली स्थित सराय पुल के पास बाइक अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गई। हादसे में तीनों गंभीर घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा, जहां डाक्टरों ने मनीष को मृत घोषित कर दिया। सचिन और उसके दोस्त का इलाज चल रहा है।

दूसरा हादसे में थाना खीरी क्षेत्र के गांव मोहम्मदाबाद पारपुरवा निवासी रामबली का 25 वर्षीय बेटा मुकेश शुक्रवार की शाम करीब चार बजे बाबागंज बाजार सब्जी लेने गया था। बताते हैं कि हाईवे पर अचानक वह बस की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही मृतकों के घरों में कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिवार के लोग भी मौके पर पहुच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर दोनों शव परिवार वालों को सौंप दिए हैं।

# कुपवाड़ा में अग्निवीर इंद्रजीत की थमी सांसें, शोक की लहर

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



अग्निवीर इंद्रजीत गुप्ता (फाइल फोटो)।

- 2022 के पहले बैच में हुआ था सेना में भर्ती
- बहन की शादी में आखिरी बार आया था घर

**अमृत विचार:** शहर के मोहल्ला गंगोत्रीनगर निवासी अग्निवीर जवान इंद्रजीत गुप्ता (23) की जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में शुक्रवार को अचानक तबीयत बिगड़ गई। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। जैसे ही यह दुखद सूचना शहर पहुंची तो शोक की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उनके घर पर जमा हो गई। वहां मौजूद हर आंख नम नजर आई।

परिजनों के अनुसार इंद्रजीत गुप्ता भारतीय सेना की सिग्नल रेजीमेंट में रेडियो ऑपरेटर के पद पर तैनात थे। वह वर्ष 2022 में अग्निवीर योजना के पहले बैच के तहत सेना में भर्ती हुए थे। बचपन से ही देशभक्ति का जज्बा रखने वाले इंद्रजीत का सपना वर्दी पहनकर देश की सेवा करना था, जिसे उन्होंने अपनी मेहनत और लगन से पूरा किया। कुपवाड़ा में ड्यूटी के दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और उन्हें चक्कर आने लगे।

साथी जवानों ने उन्हें नजदीकी सैन्य अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया, लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। सेना से हवलदार पद से सेवानिवृत हुए इंद्रजीत के पिता अर्जुन लाल गुप्ता ने बताया कि बेटे ने बेहद कठिन परिस्थितियों में ट्रेनिंग पूरी की थी। उसकी प्रारंभिक ट्रेनिंग जबलपुर और गोवा में हुई थी। ट्रेनिंग के बाद उसकी पहली तैनाती भोपाल में हुई, जहां उसने अपनी कार्यकुशलता से अधिकारियों का भरोसा जीता। इसके बाद उसे जम्मू-कश्मीर के संवेदनशील क्षेत्र कुपवाड़ा में तैनात किया गया था। 19 फरवरी को परिवार में बहन की शादी थी, जिसमें शामिल होने के लिए इंद्रजीत घर आया था। शादी के बाद वह 6 मार्च को ड्यूटी पर वापस चला गया। परिवार वालों से उसकी आखिरी बातचीत कुछ दिन पहले वीडियो कॉल पर हुई थी। उस समय वह पूरी तरह स्वस्थ और खुश नजर आ रहा था। ऐसे में अचानक आई मौत की खबर ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। परिजनों के अनुसार, वीर जवान का पार्थिव शरीर रविवार सुबह उसके पैतृक गांव सीतापुर जिले के पकरिया धापूपुर लाया जाएगा। गांव में पूरे सैन्य सम्मान के साथ उसका अंतिम संस्कार किया जाएगा। प्रशासन और सेना के अधिकारियों के भी अंतिम संस्कार में पहुंचने की संभावना है।इंद्रजीत की मौत की खबर मिलते ही जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और आम लोगों ने शोक व्यक्त किया है। कई लोगों ने इसे जिले के लिए अपूरणीय क्षति बताया। वहीं घर पर लगातार लोगों की भीड़ जुट रही है, हर कोई परिवार को ढांढस बंधाने और वीर सपूत को श्रद्धांजलि देने पहुंच रहा है।

# सनातन बोर्ड करेगा धर्म रक्षा प्रमुखों की नियुक्ति

- सभी मंदिरों पर अब लाउडस्पीकर से होगी आरती
- बैठक में सर्वसम्मति से प्रमुखों की नियुक्ति का प्रस्ताव पास हुआ

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



सनातन बोर्ड मठ मंदिर की बैठक के बाद खड़े पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** शनिवार को पटियाली सराय स्थित एड. अश्वनी भारद्वाज के आवास पर अखिल भारतीय सनातन बोर्ड "मठ मंदिर विभाग की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें कार्यकारिणी पदाधिकारियों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से नगर के हर वार्ड में धर्म रक्षा प्रमुखों की नियुक्ति करने का प्रस्ताव पास किया गया।

बैठक में कहा गया कि अपने-अपने क्षेत्र में मंदिरों और पुजारी महंतों से जुड़ी समस्याओं और मंदिरों में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में पुजारियों के साथ सनातन बोर्ड के प्रतिनिधि के रूप में जुड़कर, हिंदू समाज और मंदिरों के मध्य सेतु का कार्य करेंगे, कार्यकारिणी प्रमुख देवदत्त शर्मा ने बताया कि हर मंदिर पर सूचना पट लगाए जाएंगे जिस पर दैनिक तिथि, संवत, आने वाले त्योहारों की सूचना व विभिन्न निर्देश अंकित किए जाएंगे वरिष्ठ पदाधिकारी उपेंद्र उपाध्याय ने सभी मंदिरों के पुजारियों से अनुरोध किया कि वह अति शीघ्र अपने मंदिर का व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर लोगों को जोड़ना शुरू करें। संगठन अध्यक्ष जितेंद्र साहू ने बताया कि हर हिंदू के लिए धर्म प्रथम ,धर्म सर्वोपरि का भाव मन में होना चाहिए। धर्म रक्षा प्रमुख आशीष सक्सेना ने हिंदुओं की लगातार गिरती जनसंख्या स्थिर रखने पर चर्चा की। मठ मंदिर विभाग प्रमुख अश्वनी भारद्वाज ने बताया कि सुबह आरती के समय सभी मंदिरों पर घंटों की ध्वनि और लाउडस्पीकर अवश्य बजना चाहिए। कार्यक्रम में डॉ सुशील गुप्ता, शुभेंदु भारद्वाज ,विकास आर्य, चंद्रदेव वर्मा, सत्यवीर सिंह, अभिराज भारद्वाज, मनोज चंदेल, यश भारद्वाज, कमल रस्तोगी आदि उपस्थित रहे।

# कलयुगी बेटों ने पिता को पीटकर तोड़े दोनों हाथ

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- लोहे की रॉड से वार कर गंभीर रूप से किया घायल

**अमृत विचार:** तिकुनिया कोतवाली क्षेत्र के गांव तकियापुरवा में रिश्तों को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। दो बेटों ने पिता की पिटाई कर उसके दोनों हाथ तोड़ दिए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर दोनों बेटों की तलाश शुरू कर दी है।

गांव तकियापुरवा निवासी अतहर ने बताया कि उसने अपने बेटे दानिश को गलत आचरण के चलते पहले ही घर से अलग कर दिया था। इसके बावजूद वह अक्सर घर आकर विवाद करता था। आरोप है कि रात करीब 9 बजे दानिश अपने भाई अनीश के साथ घर पहुंचा और आते ही गाली-गलौज शुरू कर दी। अतहर ने इसका विरोध किया तो दोनों आरोपी उग्र हो गए और लाठी-डंडों के साथ लोहे की रॉड से हमला कर दिया। पीड़ित के अनुसार, रॉड से वार कर उसके दोनों हाथ तोड़ दिए गए, जिससे वह गिर पड़ा और गंभीर घायल हो गया। शोर-शराबा सुनकर आसपास के ग्रामीण पहुंचे और बीच-बचाव किया, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घायल को आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार उसे गंभीर चोटें आई हैं।

पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मामले की जांच पुलिस चौकी इंचार्ज बेलरायां अभिषेक कुमार यादव को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है और जल्द ही उन्हें पकड़कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## आग से घर जलकर राख, भैंस झुलसी

**फूलबेहड़, अमृत विचार:** थाना फूलबेहड़ क्षेत्र के ग्राम दुधवा मिदनिया के पूर्वा में शनिवार दोपहर अचानक घर में आग लग गई। घर के बाहर बंधी भैंस भी झुलस गई। पीड़ित रमेश बताया कि दोपहर करीब 1:30 बजे उनके घर में अचानक आग भड़क उठी। उस समय घर में कोई पुरुष सदस्य मौजूद नहीं था। घर की महिलाएं और बच्चे शोर मचाने लगे, जिससे आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने पानी और मिट्टी का उपयोग कर आग को काबू करने का प्रयास किया। ग्रामीणों आग न बुझाते तो आग पूरे घर में फैलकर परिवार के लिए जानलेवा साबित हो सकती थी। रमेश ने बताया कि आग लगने का कारण घर में बिजली के तार में शॉर्ट सर्किट होना बताया जा रहा है।

# गांव अल्लीपुर में लाखों के जेवर-नकदी चोरी

संवाददाता, खमरिया

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के गांव अल्लीपुर निवासी अंजू देवी ने बताया कि वह परिवार समेत रात में अपने घर पर सो रही थी।

रात में किसी समय गांव के विजय पाल भार्गव, मुरारी और अर्जुन दीवार फांद कर उसके घर में घुस आए और बक्सों, अलमारी का ताला तोड़ दिया। बक्सों, अलमारी रखे करीब 12 हजार रुपये नकद, सोने के हार, झुमके, अंगूठियां, मंगल सूत्र, चांदी की पायल के अलावा सिक्के सहित अन्य कीमती जेवर चोरी कर ले गए। रात कुछ आहट पाकर उनकी आंख खुल गई। इस पर तीनों आरोपी सामान लेकर मौके से भाग निकले। उसके शोर मचाने पर आसपास के तमाम लोग आ गए और आरोपियों की तलाश की, लेकिन आरोपी हाथ नहीं आए। पीड़ित महिला ने पुलिस को तहरीर दी है।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक ओपी राय ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

आवश्यकता है
जे.पी. एकेडमी
सी.बी. गंज, बरेली
N.C. से कक्षा 8 तक
अध्यापिकाओं की
(बी.एड को प्राथमिकता)
साक्षात्कार 31.03.2026 मंगलवार
प्रातः 10 बजे से
जे.पी. गंगवार, प्रबंधक
9837634329

सूचना
मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरे पुत्र का नाम MOHAD ABUZAR अंकित हो गई है जबकि मेरी मेरे पुत्र का सही नाम (MD ABUZAR) है। जो कि सही है। उक्त सही नाम को मेरे सर्विस रिकॉर्ड में संशोधित किया जाये। मो. जकी पुत्र मो. शमीम अहमद निवासी ग्राम सुआगाडा पो. व तह. लखीमपुर जिला लखीमपुर-खीरी

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि तहसील गोला गोकर्णनाथ विकास खण्ड कुम्भी की न्याय पंचायत लन्दनपुर ग्रन्ट की ग्राम पंचायत सुहेला में प्रस्तावित बहु-उद्देशीय मत्स्य जीवी सहकारी समिति के गठन हेतु तृतीय बैठक दिनांक 30.03.2026 को आयोजित की जा रही है। इच्छुक व्यक्ति प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। रभित कुमार पता-ग्राम सुहेला गोला गोकर्णनाथ जिला लखीमपुर (खीरी) 9161895627

सूचना
मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरी माता जी का नाम KURESHA BEGAM तथा जन्मतिथि 25.05.1960 अंकित हो गई है जबकि मेरी माता जी का सही नाम KURESHA तथा जन्मतिथि 07.03.1970 है। जो कि मेरी माता जी के आधार कार्ड वोटर कार्ड पर अंकित है। जो कि सही है। उक्त सही नाम व जन्मतिथि को मेरे सर्विस रिकॉर्ड में संशोधित किया जाये। आतिफ अहमद पुत्र श्री शमीम अहमद निवासी ग्राम सुआगाडा पो. व तहसील लखीमपुर जिला लखीमपुर खीरी

सूचना
11 ½ बीघा जमीन बिकाऊ है।
सम्पर्क करें
ग्राम अमीर शाही के पास तहसील मीरगंज, बरेली
मो. 9634079263

NOTICE
I, Seva Singh is mentioned in the service record and Sewa Singh is correct. name is Sewa Singh.

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र मनीष कुमार को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। रूपराम पुत्र स्व. श्री मिठ्ठन लाल निवासी ग्राम सैदपुर खजुरिया थाना कैन्ट तहसील व जिला बरेली।

RAM MURARI PUBLIC SCHOOL (SEN. SEC.)
Meeranpur Katra, Shahjahanpur
We are hiring
- PGT Physics
- PGT English
- Primary Teacher's
Interested candidates may send their resume on
rammuraripublicschool@gmail.com
or 6398020476

आवश्यकता है
प्रधानाचार्य, अध्यापक, अध्यापिकाओं, चपरासी, गार्ड, माली, सफाई कर्मचारी की
B.K.S. मैमोरियल इंग्लिश स्कूल
रजपुरी ढकनी फरीदपुर (बरेली)
सम्पर्क करें : 9412196717

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।



रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल
(उ.प्र. सरकार, आयुष मंत्रालय भारत सरकार एवं एनसीआईएम, नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त)
पता : सेक्टर-7, राम गंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली
शल्यतंत्र विभाग :- बवासीर, भगन्दर व फिशर का क्षार-सूत्र विधि द्वारा सफल इलाज, पैरों की नसों में नीलापन/सूजन वेरीकोज वेन्स, कॉर्न, कुठारी/पैर के तल में गांठ, सिस्ट और पुराने से पुराने जख्म का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज।
पंचकर्म विभाग :- शरीर की अशुद्धियों को दूर करना (Detoxification) फालिज, सियाटिका, गठिया का स्वेदन, शिरोधारा, बस्ति, जलौका, वमन, नस्य आदि प्रक्रिया द्वारा इलाज।
बस्ति चिकित्सा | जलौकावचारण चिकित्सा | जानु बस्ति चिकित्सा | नस्य चिकित्सा | पत्र पिण्ड पोट्टली स्वेद चिकित्सा | शिरोधारा चिकित्सा | नेत्र तर्पण चिकित्सा
प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग:- नार्मल डिलीवरी, रसौली, PCOD, श्वेत प्रदर, स्तन में गांठ, इन्फर्टीलिटी आदि रोगों का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज।
कौमारभृत्य/बाल रोग विभाग :- बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए स्वर्णप्राशन संस्कार, ऑटिज्म (Autism), loss of concentration या ADHD विकार तथा सेरेब्रल पेल्सी, मेन्टल रिटार्डेशन, डिले माइलस्टोन आदि बीमारियों का आयुर्वेदिक इलाज।
शालाक्य तंत्र विभाग :- सिरदर्द, माइग्रेन, तर्पण विधि द्वारा बच्चों के नज़र के चश्में का नम्बर कम करना। नाक के अन्दर मांस बढ़ जाना व कान के पर्दे के छेद का आयुर्वेदिक औषधियों द्वारा बिना ऑपरेशन सफल इलाज।
Reception : 9520876144
Helpline No.: 8077808309
निःशुल्क योग सत्र
(ऑफलाइन /ऑनलाइन) केवल रजिस्ट्रेशन करने पर मो. 9520876144
निःशुल्क भर्ती सुविधा
(निर्धारित समय अवधि के लिए)

